Request to restore the concession on Special Train Fares which increased in Covid-19

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) : माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य प्रहर में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं अपने संसदीय क्षेत्र नालंदा के बारे में कहना चाहता हूँ कि कोरोना काल में जो स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही थी, उसका अधिक किराया वसूला जा रहा था। आज जब कोरोना समाप्त हो गया है, महँगाई की भी मार है, तो गरीब लोग लगातार मांग करते रहे हैं कि स्पेशल ट्रेन का बढ़ा हुआ किराया वापस लिया जाए। इसी से संबंधित मैं एक और बात कहना चाहूँगा कि नालंदा रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी ट्रेन का ठहराव अनिवार्य है। माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा वहाँ ओपन यूनिवर्सिटी का भी उद्घाटन किया गया है और उस विश्वविद्यालय में आने वाले विद्याथियों और प्रोफेसर्स की भी डिमांड रही है कि नालंदा रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी ट्रेन का ठहराव दिया जाए।

मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रहुई है, जो पहले स्टेशन था, अभी उसे हॉल्ट बना दिया गया है। माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा यहाँ पर डेंटल कॉलेज का उद्घाटन किया गया है। यहाँ काफी मरीज इंटरसिटी ट्रेन से आते-जाते हैं। लेकिन रहुई में इंटरसिटी ट्रेन का ठहराव इसलिए नहीं हो रहा है, क्योंकि उसे स्टेशन से हटाकर हॉल्ट कर दिया गया है। मेरी मांग है कि रहुई रोड हॉल्ट को स्टेशन का दर्जा दिया जाए और वहाँ पर इंटरसिटी ट्रेन का ठहराव दिया जाए।

महोदय, देश भर के वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे किराए में पहले छूट दी जाती थी, लेकिन कोरोना काल से ही उस छूट को समाप्त कर दिया गया है। अब कोरोना काल समाप्त हो गया है, लेकिन वरिष्ठ नागरिकों को इसकी सुविधा नहीं मिल रही है।

मैं आपके माध्यम से, माननीय मंत्री जी से अनुरोध करूँगा कि ट्रेन्स में वरिष्ठ नागरिकों को जो सुविधा मिलती थी, वह मिलनी चाहिए।

बहुत-बहुत धन्यवाद ।